हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–115 : जौनपुर, बुधवार 22 जून 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## बच्चे अपनी छोटी–छोटी गलतियों को सुधार कर आगे बढें –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावियों से मुलाकात की और उन्हें कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने अपने लखनऊ स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मेधावियों से कहा कि आप सब को जागरुक होना चाहिए। इसलिए जरूरी की है कि तकनीक का प्रयोग करें। उन्होंने मेधावियों से कहा कि आप सबको सरकारी योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए। हर रोज अखबार पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर शिक्षण संस्थान को मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जैसी योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सफल वही होता है जो छोटी–छोटी गलतियों को सुधार कर आगे बढ़ता जाता है। विफल वही होता है जो जानने के बाद भी गलतियों की तरफ ध्यान नहीं देता। उन्होंने शिक्षकों को तकनीक की मदद लेने के लिए कहा है। उन्होंने



कहा कि अब इंटरनेट सेवा गांव–गांव में पहुंच रही है। इसका सही उपयोग कर विद्यार्थियों को लाभान्वित करें। बुधवार को इंटरमीडिएट के मेधावियों से मुलाकात करने के बाद मुख्यमंत्री गुरुवार को हाईस्कूल के मेधावियों से मुलाकात करेंगे। शिक्षा विभाग की ओर से दोनों कक्षाओं के जिले के दस–दस टॉपर्स को मुख्यमंत्री से मिलने के लिए बुलाया गया है।

## प्रदेश सरकार ने सामाजिक कल्याण की योजनाओं से करोड़ों लोगों को किया लाभान्वित

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) प्रदेश में सामाजिक कल्याण के जितने कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में हुए हैं, उतने पूर्व की किसी सरकार ने नहीं किये। वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन जो पहले 500 रू0 प्रतिमाह थी उसे बढ़ाकर 1000 रू0 प्रतिमाह की दर से कर दिया है। प्रदेश के 58 लाख वृद्धजनों, 31 लाख निराश्रित महिलाओं, 11 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को 1000 रू0 प्रतिमाह की दर से पेंशन दी जा रही है। यह सभी पात्र लाभार्थी समाज के ऐसे पुरूष, महिला, दिव्यांगजन हैं जिन्हें परिवार के लोग बोझ समझते हैं। मुख्यमंत्री जी ने समाज के इन वर्गों को 12000 रूपये वार्षिक पेंशन देते हुए आत्म सम्मान से जीने के लिए समर्थ बनाया है। आज किसान/वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन के लाभार्थी समाज में सिर ऊंचा कर जी रहे हैं और प्रदेश सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं। प्रदेश में कोविड–19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों के भरण पोषण, शिक्षा, चिकित्सा आदि की व्यवस्था हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने ''उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना'' शुरू की है, जिसमें शून्य से 18 वर्ष की उम्र तक के ऐसे बच्चे जिनके माता–पिता दोनों या माता/पिता की कोविड से मृत्यु हुई है ऐसे बच्चों के भरण–पोषण शिक्षा चिकित्सा हेतु 4000 रू0 प्रतिमाह दिया जा रहा है। बालिकाओं के बालिग होने पर शादी के लिए रूपये 1,01,000 (एक लाख एक हजार रूपये) दिया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 11049 बच्चों को आर्थिक सहायता दी गई है। उसी तरह जिन बच्चों ने कोरोना काल में कोविड से इतर कारणों से अपने माता–पिता को खोया है उन्हें उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत 2500 रू0 प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है। प्रदेश में अब तक 5284 बच्चों को चिन्हांकित कर लाभान्वित किया गया है। प्रदेश में समान लिंगानुपात, कन्या भ्रूण हत्या रोकने व लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए दो बालिकाओं तक के जन्म पर संचालित ''मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत'' 12.68 लाख से अधिक बालिकाओं को 15 हजार रू0 प्रति बालिका दिया गया है। सभी वर्गों के गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह हेतु संचालित ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत'' प्रदेश में अब तक 1.75 लाख जोड़ों से अधिक तथा श्रमिकों की कन्याओं के विवाह हेतु संचालित ''कन्या विवाह अनुदान योजनान्तर्गत'' 94 हजार कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया गया है। प्रदेश में समेकित बाल विकास सेवा योजनान्तर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चो, गर्भवती व धात्री महिलाओं को अनुपूरक पुष्टाहार वितरित किया जा रहा है। प्रदेश के 15 करोड़ अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क गेहूँ, चावल खाद्यान्न के साथ–साथ आयोडाइज्ड नमक, चना, दाल, साबुन, रिफाइन्ड, खाद्य तेल का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा 3 करोड़ मजदूरों को मार्च, 2022 तक 500 रूपये प्रतिमाह भत्ता और 98 लाख नागरिकों को 1000 रूपये प्रतिमाह का भत्ता दिया गया है। प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 1.67 करोड़ महिलाओं को मुफ्त घरेलू कुकिंग गैस कनेक्शन देने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बना है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के 42.50 लाख पात्रों को तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 1.02 लाख परिवारों को छत मुहैया कराई गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 2.61 करोड़ व्यक्तिगत शौचालय/इज्जतघर का निर्माण कराया गया जो देश में प्रथम स्थान पर है। इस योजनान्तर्गत 10 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश के गरीबों को सौभाग्य योजनान्तर्गत 1.41 करोड़ घरों में मुफ्त विद्युत कनेक्शन दिये गये हैं। प्रदेश में शुद्ध पीने के पानी की आपूर्ति सरकार घरों में कर रही है। इसके अंतर्गत प्रदेश सरकार 4.67 करोड़ घरों को शुद्ध पाइप पेयजल की सुविधा 'हर घर नल' योजना के अंतर्गत आपूर्ति कर रही है।

## एक बाइक पर सवार तीन छात्रों को रोडवेज बस ने रौंदा : दो की मौत

सुल्तानपुर ब्यूरो : अयोध्या–प्रयागराज हाईवे पर बुधवार को बाइक सवार तीन छात्रों को विपरीत दिशा से आ रही रोडवेज बस ने रौंद दिया। दुघर्टना में दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक छात्र बुरी तरह घायल हो गया। आनन–फानन घायल छात्र को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। बुधवार को शहर से तीन छात्र एक बाइक से फरीदीपुर स्थित केएनआई कॉलेज जा रहे थे। छात्र टाटिया नगर के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार बस के पहिए के नीचे आ गये। दुर्घटना में राजेशवर सिंह (23) पुत्र रमाकांत सिंह निवासी सैफाबाद थाना फुलवारी जिला बस्ती व शिवाकांत



सिंह (23) पुत्र दीपक सिंह बहेला जौनपुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुलदीप यादव पुत्र चंद्रभान यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। कुलदीप को जिला अस्पताल से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर बस को पकड़ लिया है।

## प्रधानमंत्री सम्पदा योजना अन्तर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं हेतु आवेदन पोर्टल शीघ्र खोला जायेगा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डा0 संजय कुमार निषाद ने आज विक्रमादित्य मार्ग स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत उ0प्र0 में मत्स्य विकास के बारे में प्रेस वार्ता की। उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु प्रधानमंत्री सम्पदा योजना के अन्तर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं के लिए विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित करने हेतु पोर्टल आगामी 01 जुलाई से 15 जुलाई, 2022 तक जनमानस के लिए खोला जायेगा, जिसका लाभ लेते हुए हेतु मात्स्यिकी गतिविधियाँ, स्थापित/संचालित करने हेतु इच्छुक व्यक्ति/उद्यमी योजना की गाइडलाइन के अनुरूप आवेदन कर सुविधा/अनुदान सहायता प्राप्त कर सकते है। डा0 निषाद ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत इस वर्ष 2022–23 में शेष परियोजनाओं को पूर्ण करने के साथ साथ नये परियोजना प्रस्ताव जनपदों से आमंत्रित करते हुए प्रदेश की वृहद कार्ययोजना तैयार कर भारत सरकार को प्रेषित करने की कार्यवाही की जा रही है। उनके द्वारा 24 जून को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक किये जाने वाले राज्य वेबिनार में प्रधानमंत्री सम्पदा योजना की जानकारी देने के साथ–साथ मत्स्य विकास की सम्भावनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी भी वेबिनार में उपलब्ध कराई जायेगी। मत्स्य विकास मंत्री ने बताया कि मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 से 02 नवीन योजनाओं यथा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना तथा निषादराज बोट योजना के माध्यम से ग्राम समाज के तालाबों के गरीब पट्टेधारकों एवं मछुआरों के लिए सौगात दी गयी है। मा० मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में मत्स्य विभाग, उ०प्र० द्वारा ग्राम सभा के तालाबों के गरीब मत्स्य पट्टेधारकों एवं मछुआरों के लिए शत–प्रतिशत राज्यपोषित दो नवीन योजनाओं की शुरूआत की जा रही है। इस हेतु प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2022–23 के वार्षिक बजट में प्रारम्भिक स्तर पर रू0 04 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गयी है, जिससे ग्रामीण अंचलों में निवास कर रहे गरीब मत्स्य पट्टेधारकों एवं मछुआरों की आय में वृद्धि होगी तथा उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाये जाने में सहायता मिलेगी। डा0 निषाद ने बताया कि प्रधानमंत्री



मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत विगत दो वर्षों में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत 625 हेक्टेयर नये तालाबों का निर्माण, 24 मत्स्य बीज हैचरी, 120.00 हे0 रियरिंग इकाई, 256 विभिन्न श्रेणियों के रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (आर०ए०एस०), 620 इन्सुलेटेड वाहन (साईकिल/मोटरसाईकिल/थ्रीव्हीलर/वैन), 40 फीड मिल (लघु/मध्यम/वृहद/प्लांट), 25 कियोस्क, 25 जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र एवं 186 बायोफ्लाक जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनायें स्थापित होने से उद्यमशीलता को बढ़ावा व रोजगार के अवसर सृजित हुए है।

## डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर जिले में आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष/ जिला प्रभारी प्रकाश पाल , अवध प्रांत क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता , जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने राष्ट्र चिंतक और भाजपा के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का मल्यांरपण कर नमन किया। आज भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर संपन्न हुई जिला कार्यसमिति बैठक में जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने बताया कि आगामी २३ जून को भाजपा के संस्थापक स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने बताया कि हर बूथ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमे स्वर्गीय मुखर्जी जी की प्रतिमा पर मल्यांरपण होगा तत्पश्चात एक एक वृक्ष हर बूथ पर रोपित किया जाएगा। स्वर्गीय डॉ मुखर्जी की स्मृतियों को याद करते हुए प्रकाश पाल जी ने बताया कि उनका व्यक्तित्व भारत के इतिहास में हमेशा अजर अमर रहेगा। उन्होंने अपना सारा जीवन देशहित में लगाया। देश की अखंडता को अक्षुण बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता ने कहा कि श्रद्धेय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी स्मृति दिवस पर हम सब उनके आदर्शों को आत्मसात करें यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने



सभी कार्यकर्ताओ को आवाहन किया और कहा कि श्रद्धेय मुखर्जी जी का स्मृति दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। उनके विचार आज भी लोगों को ताकत देते हैं। डॉक्टर मुखर्जी ने भारत की एकत और प्रगति के लिए अपना जीवन खपा दिया। उन्होंने एक असाधारण विद्वान के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। डॉ. मुखर्जी ने अपनी दूरदर्शी सोच से देश में शिक्षा, स्वास्थ्य व औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखने और सामरिक दृष्टि से भारत को सशक्त बनाने में अहम योगदान दिया। उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार चिरकाल तक प्रासंगिक रहेंगे। बैठक में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, जिला पदाधिकारीगण, मोर्चो के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य मौजूद रहे।

## सितंबर तक 12 हजार पदों पर चयन की तैयारी : अगले महीने जारी होगा एएनएम भर्ती का परिणाम

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने सितंबर तक करीब 12 हजार पदों के लिए चयन की तैयारी पूरी कर ली है। यह भर्तियां कई विभागों में काफी समय से लंबित थीं। इसके अलावा आयोग जुलाई के अंतिम सप्ताह में एएनएम के 9212 पदों का परिणाम जारी करेगा। एएनएम भर्ती के अभ्यर्थियों के दस्तावेज का सत्यापन चल रहा है। आयोग के अनुसार, 25 सितंबर तक लंबित सभी भर्तियों के परिणाम जारी करने की तैयारी है। यूपीएसएसएससी ने अभी 18 जून को कनिष्ठ सहायक के 535 पदों का परिणाम जारी किया था। इससे पहले आबकारी सिपाही के 405 पदों का परिणाम आया था। अब जुलाई में एएनएम भर्ती का परिणाम जारी होने के बाद कनिष्ठ सहायक 2019 का अंतिम परिणाम आएगा। इसके अलावा 2018 से 2021 के बीच निकली कुछ अन्य भर्तियों के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन चल रहा है। लेखपाल भर्ती इसी साल कराने की तैयारी आयोग की ओर से राजस्व लेखपाल के 8000 पदों के लिए भर्ती परीक्षा 24 जुलाई को होगी। सूत्रों के मुताबिक इनका चयन भी इसी वर्ष के अंत तक हो जाएगा। सहायक बोरिंग टेक्नीशियन के 486 पदों के लिए 3 जुलाई और सप्लाई निरीक्षक के 76 पदों के लिए 17 जुलाई को परीक्षा होगी। आयोग ने बढ़ाया लक्ष्य आयोग ने सरकार के एक वर्ष

UPSSSC
GOVERNMENT OF UTTAR PRADESH
Uttar Pradesh Subordinate Services Selection Board

का कार्यकाल पूरा होने तक 15 हजार और पांच वर्ष में 60 हजार पदों पर चयन का लक्ष्य रखा है। 25 मार्च 2023 तक 10 नई भर्तियों के विज्ञापन जारी किए जाएंगे । 12 भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर उनके परिणाम जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि शुरुआत में आयोग ने छह महीने में दस हजार भर्ती का लक्ष्य रखा था, जिसे बढ़ाकर 12 हजार किया गया है। यूपीएसएसएससी के अध्यक्ष प्रवीर कुमार का कहना है कि सरकार की ओर से छह महीने में दस हजार भर्तियां करने का लक्ष्य था। ऐसे में यूपीएसएसएससी की ओर से दस हजार से अधिक भर्तियां पूरी की जाएगी। एएनएम भर्ती का परिणाम जल्द जारी होगा।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## मानव कल्याण के लिए अति आवश्यक है योग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय के प्रागण में 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० बी०बी० सिंह एवं विभागाध्यक्ष डी०एल०एड० डॉ० विजया रानी वर्मा के



निर्देशानुसार असिस्टेंट प्रोफेसर जसप्रीत कौर एवं प्रवक्ता श्रीमती मनीषा पाण्डेय के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया। इस वर्ष का थीम ''योग मानवता के लिए है। इसी क्रम में प्रवक्ता सुश्री शालिनी पाण्डेय द्वारा उपस्थित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को शपथ दिलाया गया कि योग मानव के मस्तिष्क एवं शरीर में संतुलन स्थापित कर शरीर के विकार का दूर कर रोग प्रतिरोधक शक्ति में वृद्धि करता है। अतः यह मानव कल्याण के लिए अति आवश्यक है। योग सभी को नियमित रूप से करना चाहिए। इस कार्यक्रम में लगभग शिक्षक–शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। 100 से अधिक छात्र छात्राओं एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती जसप्रीत कौर, डॉ० शिवाकान्त श्रीवास्तव, डॉ० माधव कुमार राय, श्री जितेन्द्र मण्डल, डॉ० मंजेश कुमार, श्रीमती अंजू सिंह, श्रीमती शालिनी सिंह, सुश्री पदमा त्रिपाठी, श्रीमती एकता सिन्हा, सुश्री वैशाली देबल सहित सभी शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही।

## रोजगार मेले में 64 छात्रो को मिला रोजगार

देश की उपाशना शाहगंज/जौनपुर, पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर जौनपुर मे आयोजित रोजगार मेले में कंपनी– न्यू एलेनबेरी, ए के आटोमोटिव, जेएनएस इंस्ट्रूमेंट्स, बेस्ट कुकी लिमिटेड इत्यादि कंपनियों द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के कोने–कोने से दसवीं, 12वीं,



ग्रेजुएशन, आईटीआई और डिप्लोमा पास लगभग 107 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कंपनी द्वारा साक्षात्कार के पश्चात 64 छात्रों का चयन किया गया। राजकीय आईटीआई शाहगंज के प्रधानाचार्य संजय श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभाग करने आए हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया और चयनित बच्चों को शुभकामनाएं दी गयी,कहा की आईटीआई के बाद रोजगार प्राप्त करने के अवसर और भी बढ़ जाते हैं, हर आईटीआई कर रहे छात्र–छात्राओं को अप्रेंटिसशिप करना जरूरी होता है। बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में अगर सफलता पाना है तो आप शुरुआत शुन्य से करिए, और जिस दिन आपके अंदर शून्य से शुरुआत करने का हौसला जग गया, मंजिल खुद ब खुद आसान लगने लगेगी,अपनी मेहनत के बल पर लंबी छलांग लगाइए क्योंकि आप अभी फ्रेशर हैं अपने अंदर कुशलता लाइए और कंपनी द्वारा जिस डेट में ज्वाइन करने के लिए बुलाया जाता है आप अपने पूरे मनोयोग से जाकर ज्वाइन करिए और अपना भविष्य उज्जवल कीजिए। संस्थान के प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुशवाहा द्वारा भी चयनित बच्चों को शुभकामनाएं दी गई इस मौके पर संस्थान के कर्मचारी– अतुल श्रीवास्तव( कार्यदेशक) विश्राम प्रसाद( प्र० कार्यदेशक) सभाजीत यादव ( प्र० कार्यदेशक) राजीव यादव, अमित सिंह, शशिकांत सिंघानी, धनंजय कुमार,अभय शर्मा, भैरव नाथ सिंह इत्यादि कर्मचारियों मौके पर उपस्थित रहे।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

जिस हाथ से अच्छा कार्य हो, वह हाथ तीर्थ है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# विदेशों में क्यों धन जमा करते हैं भारतीय–स्विस बैंक

देश में जितना काला धन पैदा होता है, उसका दस प्रतिशत बाहर जाता है, बाकी 90 प्रतिशत काला धन देश में ही रहता है। इसलिए अगर हमें काले धन पर अंकुश लगाना है, तो देश में ही उस पर लगाम लगानी चाहिए। अगर बाहर भेजे गए काले धन को पकड़ना चाहेंगे, तो उसमें विफलता ही मिलेगी, क्योंकि सरकार को भी ठीक–ठीक पता नहीं कि कितना काला धन बाहर गया है और उसे कहां रखा गया है।

हाल में खबर आई है कि स्विस बैंकों में भारतीयों के जमा धन में भारी इजाफा हुआ है। वर्ष 2021 में भारत के लोगों और संस्थाओं की स्विस बैंकों में कुल जमा राशि 30,500 करोड़ रुपये थी। यह 14 साल के उच्च स्तर पर है। स्विस बैंकों ने यह जो जानकारी दी है, वह वैध धन है, काला धन नहीं। विदेशों में या स्विस बैंक में भारतीयों का कितना काला धन जमा है, इसका पता लगाना टेढ़ी खीर है।

अपने देश से जिस माध्यम से काला धन विदेशों में जाता है, उसे हम लेयरिंग कहते हैं। लेयरिंग में लोग देश से काला धन हवाला, आयात या निर्यात में अंडर इनवॉयसिंग तथा ओवर इनवॉयसिंग के जरिये किसी टैक्स हेवन देश में किसी शेल कंपनी में डाल देते हैं। फिर वहां उस शेल कंपनी को बंद करके किसी दूसरे टैक्स हेवन देश में नई शेल कंपनी बनाकर उसमें पैसा लगा देते हैं।

इस तरह से छह चरणों में पैसे निकालते, डालते हुए अंत में स्विट्जरलैंड भेजते हैं। ऐसे में छह स्तर होने पर छह शेल कंपनियां बनती और बंद होती हैं, जिसका पता लगाना बहुत मुश्किल होता है। सरकार अगर चाहे भी तो एकाध स्तर तक ही पता लगा पाती है, उससे आगे पता नहीं लग पाता है। लेयरिंग की इस प्रक्रिया में जहां से आखिरी बार स्विट्जरलैंड में पैसा जाता है, स्विट्जरलैंड सरकार उसे उस देश का पैसा मान लेती है।

जैसे कि जर्सी आइलैंड से पैसा स्विट्जरलैंड गया है, तो वह मान लेगी कि यह पैसा ब्रिटिश है, भारतीय नहीं है, क्योंकि जर्सी आइलैंड ब्रिटेन का है। इसलिए उसे भारतीय धन में नहीं गिना जाता है। स्विट्जरलैंड के बैंकों में जो पैसा है, वह सबसे ज्यादा (30 लाख 62 हजार करोड़ रुपये) ब्रिटिश पैसा है, क्योंकि ब्रिटेन के पास सबसे ज्यादा टैक्स हेवन हैं। इसलिए स्विट्जलैंड की सरकार कहती है कि हमारे यहां सबसे ज्यादा पैसा ब्रिटेन से आया है।

जबकि सबसे ज्यादा काला धन रूस, यूक्रेन, भारत आदि देशों में पैदा होता है। वास्तव में जो वैध धन होता है, स्विस बैंक उसकी ही गिनती बताते हैं। सरकार अगर चाहे भी, तो वह पैसा वापस नहीं ला सकती, क्योंकि आयातकों और निर्यातकों पर सरकार का उतना दबाव नहीं होता कि वैध धन को विदेशों से देश में लाया जाए। अगर यह काला धन नहीं है, तो फिर भारत के लोग स्विस बैंकों में पैसा क्यों जमा करते हैं? इसकी कई वजहें हैं।

जब भी अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता की स्थिति पैदा होती है, तो लोग अपने धन को डायवर्सिफाइ (अलग–अलग जगहों पर जमा करना) करते हैं, इससे उनका जोखिम कम हो जाता है। जैसे कि मान लीजिए कि इस बात का खतरा है कि रुपया गिरेगा, तो वे अपना धन फॉरेन एक्सचेंज के माध्यम से स्विस बैंकों में जमा कर देंगे। जो निर्यातक हैं, वे अपना पैसा देर से लाएंगे, जब अर्थव्यवस्था में स्थिरता आएगी और रुपये के गिरने का खतरा कम हो जाएगा।

और जो आयात करने वाले हैं, वे अपना पैसा इसलिए विदेशी बैंकों में जमा रखते हैं, क्योंकि उन्हें आयात बिल भरना होता है। अन्यथा रुपये का मूल्य गिरने पर उन्हें भारी घाटा होगा। इस तरह से आयातक और निर्यातक यह अनुमान लगाकर कि रुपया कमजोर होने पर हमें घाटा हो सकता है, अपना वैध पैसा विदेशी बैंकों में जमा करते हैं। इसके अलावा रिजर्व बैंक की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) है, जिसके तहत कोई भी हर साल ढाई लाख डॉलर देश के बाहर ले जा सकता है।

उसके चलते भी बहुत से लोग अपना वैध धन स्विस बैंकों में या कहीं और जमा करते हैं। स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि बढ़ने का संकेत यह है कि लोगों को लग रहा है कि अर्थव्यवस्था की स्थिति थोड़ी कमजोर हो रही है। इस बीच, एक और बात हुई है, हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स (एचएनडब्ल्यूआई) देश छोड़कर जा रहे हैं। एक रिपोर्ट आई थी कि वर्ष 2014 से 2017 के बीच में देश से 23,000 हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स देश छोड़कर विदेश चले गए।

वर्ष 2018 में पांच हजार एचएनडब्ल्यूआई देश छोड़कर चले गए। सुनने में यह भी आ रहा है कि बीते एक साल में नौ हजार एचएनडब्ल्यूआई देश छोड़कर चले गए हैं। जाहिर है, जब वे बाहर रहेंगे, तो अपनी संपत्ति का एक हिस्सा बाहर ही रखेंगे। अभी देश का जो माहौल है, उसमें कई अति समृद्ध लोगों को यह भय है कि पता नहीं कब सरकार कौन–सा दबाव बनाए या सख्ती करे, इसलिए वे देश छोड़कर विदेशों में बसने जा रहे हैं।

अपने सामाजिक माहौल और निवेश माहौल में जो अनिश्चितता का दौर चल रहा है, उसके कारण भी हो सकता है कि लोगों ने अपना और ज्यादा वैध धन स्विस बैंकों में जमा किया हो। दो तरीके से देश से विदेशों में पैसा जाता है। एक तो वैध तरीके से और दूसरा काले धन के रूप में। मेरा अनुमान है कि इस समय देश में काले धन की जो अर्थव्यवस्था है, वह जीडीपी का साठ प्रतिशत है।

देश में जितना काला धन पैदा होता है, उसका दस प्रतिशत बाहर जाता है, बाकी 90 प्रतिशत काला धन देश में ही रहता है। इसलिए अगर हमें काले धन पर अंकुश लगाना है, तो देश में ही उस पर लगाम लगानी चाहिए। अगर बाहर भेजे गए काले धन को पकड़ना चाहेंगे, तो उसमें विफलता ही मिलेगी, क्योंकि सरकार को भी ठीक–ठीक पता नहीं कि कितना काला धन बाहर गया है और उसे कहां रखा गया है।

इस संबंध में जो आंकड़े मिलते हैं, वे चोरी के आंकड़े होते हैं। जैसे कि बैंकों के डाटा को हैक करके आंकड़ा बाहर निकाला जाता है, लेकिन वास्तविक आंकड़ा पता नहीं चलता है, क्योंकि उसे छिपाकर रखा जाता है। इसके अलावा, जो काला धन बाहर जाता है, उसका तीस से चालीस प्रतिशत राउंड ट्रिपिंग के जरिये वापस चला आता है।

राउंड ट्रिपिंग का मतलब यह है कि कोई व्यक्ति या कंपनी विभिन्न स्रोतों से धन किसी टैक्स हेवन देश में भेजती है और फिर वहां से अन्य स्रोत से अपनी भारतीय कंपनी में निवेश करा लेती है। इससे यह पता नहीं चल पाता कि वास्तव में पैसा किसका है। साथ ही जो लोग काला धन बाहर भेजते हैं, वे वहां अपने बच्चों की पढ़ाई, इलाज आदि पर खर्च करते हैं अथवा घर खरीद लेते हैं। जैसे कि अंबानी या अदार पूनावाला ने महामारी के दौरान लंदन में बड़े घर खरीदे।

यह पैसा लिक्विड फॉर्म में ज्यादा नहीं रहता कि उसे वापस ला सकें। इसलिए काले धन को बाहर से लाने की कवायद का बहुत फायदा नहीं है। अगर काले धन को पकड़ना है, तो उसे अपने देश में ही रोकना होगा, विदेशों से हम काला धन वापस नहीं ला पाएंगे। सरकार चाहे, तो अपने देश में ही काले धन को पैदा होने से रोक सकती है, लेकिन सरकारें ऐसा करती नहीं हैं, क्योंकि सत्तारूढ़ दलों को काले धन से फायदा होता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# मादक पदार्थ की तस्करी में पति के जेल जाने के बाद पत्नी भी गिरफ्तार

शाहजहाँपुर उमाकान्त श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक एस.आनन्द के निर्देशानुसार जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने वाले अभियान एवँ मादक पदार्थ की तस्करी पर रोकथाम के चलते अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार के निर्देशन एवँ क्षेत्राधिकारी नगर अखण्ड प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई। मंगलवार की दोपहर थाना कोतवाली पुलिस टीम में शामिल प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह व उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, राकेश कुमार चौहान हेडकांस्टेबल मिर्जा जुबैर खां एवँ महिला आरक्षी शेष कुमारी ने मुखबिर की सूचना पर ए0बी0रिच0 इण्टर कालेज के पास स्थित कब्रिस्तान से थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी अब्दुल हमीद की पत्नी रहीशा को एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 02 करोड़ रुपए बताई जाती है। गिरफ्तार महिला के विरुद्ध थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज करके न्यायालय भेजा गया है। पूँछ तांछ करने पर आरोपी महिला ने बताया कि चरस लखीमपुर खीरी से लाकर जनपद में महंगे दामों पर बेचती हूँ। उल्लेखनीय यह है कि अभियुक्ता का पति अब्दुल हमीद करीब 03 वर्ष से सितारगंज जनपद ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) जेल में बन्द है।

# आर ए बी फाउंडेशन द्वारा जनेश्वर मिश्र पार्क में प्रातः 6:00 बजे से योग शिविर का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। योग दिवस के अवसर पर आर ए बी फाउंडेशन द्वारा जनेश्वर मिश्र पार्क में प्रातः 6:00 बजे से योग शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया योग आचार्य विक्रम सिसोदिया द्वारा योग से होने वाले लाभों से लोगों को अवगत कराया गया कार्यक्रम में फाउंडेशन की सचिव रचना सिसोदिया तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# 'योगी जी के मिशन शक्ति को जन–जन तक पहुचायेंगी प्रेरणा'

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। योगी सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से अभियान की शुरुआत की गई मिशन शक्ति के बारे में इन्सपिरेशन एकेडमी कंसल्टेंट की प्रेरणा त्रिपाठी जन–जन को बतायेंगी। प्रेरणा ने बताया कि मिशन शक्ति के बारे जन–जन को बताने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अधिकृति किया है। प्रेरणा ने आगे बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को जागरूक करना है। उन्हें स्वावलंबी बनाना है। इसके अलावा महिलाओं के प्रति हिंसा करने वाले लोगों की पहचान उजागर करना, महिलाओं को राज्य में सुरक्षित महसूस कराना है। मिशन के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों से संबंधित मुद्दों पर जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए शासन स्तर से कई अभियान और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मिशन शक्ति की खास बातें – महिलाओं और बच्चियों से सम्बंधित जो भी केस कोर्ट में जाएंगे उन्हें फास्ट ट्रैक भेजकर सुनवाई जल्दी पूरी करवाना। – रेप केस को सबसे पहले प्राथमिकता देकर दोषियों को कड़ी सजा दिलवाना। – अभियान से सभी विभागों को एक साथ जोड़ना ताकि महिलाओं को कोई परेशानी न हो। – यूपी में 24 विभाग चुने गए है, जो सरकारी या स्थानीय या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर



महिलाओं के लिए काम कर रहे हैं। – महिलाओं के साथ अपराध करने वाले व्यक्ति का दोष कोर्ट में सिद्ध होने के बाद सभी चौराहों पर उसकी तस्वीरें लगाना और पहचान उजागर करना। – मनचलों और शोहदों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके उन्हें पकड़ना और जेल भेजना। – सभी पुलिस थानों में महिलाओं के लिए एक अलग हेल्पडेस्क, जहां महिला अधिकारी और सिपाही भी महिला होना। त्रिपाठी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले के मुख्य बाजार, चौराहे, गांव, मुहल्ले, विद्यालयों आदि में बालिकाओं व महिलाओं आदि को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के लिए जागरूक कार्यक्रम आयोजित करूंगी।

# गोवध करने के आरोप में महिला सहित पांच गिरफ्तार

आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा। गोवध के आरोप में पुलिस ने तीन महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 25 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ ही गोवध में इस्तेमाल होने वाला चाकू आदि वस्तुएं बरामद हुई है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम लोनावा दरगाह में गोवध करते समय पुलिस ने छापा मारा जहां पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की लोनावा दरगाह गांव में कुछ लोग प्रतिबंधित पशु का बध कर रहे हैं। उक्त सूचना पर उप निरीक्षक किशोर पासवान चंद्रभूषण पांडे के साथ ही दर्जनों पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। यहां अकबर अली ईंदन निशा नूरजहां तथा साजिया निवासी ग्राम लोनावा दरगाह व इटियाथोक थाना क्षेत्र के धर्मेई गांव निवासी इरशाद आलम को गिरफ्तार किया गया। मौके से 25 किलो प्रतिबंधित मांस तथा वध करने में इस्तेमाल होने वाले चाकू आदि वस्तुएं बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि छापे के दौरान आरोपियों द्वारा पुलिस बल पर हमले का प्रयास सहित जान



से मारने की धमकी दी गई फिर भी पुलिस ने सभी आरोपियों को घेर कर पकड़ लिया। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध गोवध अधिनियम पुलिस बल पर हमले का प्रयास एवं धमकी दिए जाने आदि गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायालय के लिए भेजा गया।

# इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के द्वारा हाईजीनिक किट एवं तारपोलिन किट वितरित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, लखनऊ शाखा के द्वारा राम तीरथ वार्ड पुराना किला रामलीला ग्राउंड के पास बस्ती में सिविल डिफेंस, हजरतगंज प्रखण्ड के वार्डनों के सहयोग से चिन्हित 40 गरीब परिवारों को हाइजीनिक किट एवं तारपोलिन का वितरण किया गया। हाइजीनिक किट में 5 नहाने का साबुन, 5 कपड़े धोने का साबुन, तेल, 4 टूथपेस्ट, 4 टूथ ब्रश, 2 शेविंग रेजर व 18 सैनिटरी नैपकिन शामिल हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी लखनऊ शाखा के चेयरमैन ओम प्रकाश पाठक एवं सचिव अमरनाथ मिश्र तथा सिविल डिफेंस की उप नियंत्रक अनीता प्रताप के द्वारा शुभारंभ किया किया गया। नागरिक सुरक्षा, हजरतगंज प्रखण्ड के वार्डनों ने हाइजीनिक किट एवं तारपोलिन वितरण हेतु पात्र परिवारों के चयन में सक्रिय भूमिका निभाई। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य रूप



कुमार शर्मा और ऋतुराज रस्तोगी नागरिक सुरक्षा, लखनऊ के सहायक उप नियंत्रक ऋषि कुमार, मनोज वर्मा ने हाइजीनिक किट एवं तारपोलिन का वितरण किया गया। इस अभियान में सिविल डिफेंस के वार्डन ठाकुर प्रसाद, ओम प्रकाश, माला यादव, रीना सिंह, शोभा पाल, दिनेश भारती ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# विद्यालयों के कायाकल्प में कराए गए विकास व शिक्षा गुणवत्ता का अब तक टीवी चैनल के सामने सच

सीतापुर ब्यूरो अजय सिंह : जनपद सीतापुर के, विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत मेवाराम नगर में ,अब तक टीवी चौनल ने सच जानना चाहा जिसे देख कर आप रहजाएंगे दंगा । कायाकल्प योजना में ग्राम पंचायत मेवा रामनगर मे सरकारी धन से प्राथमिक विद्यालय रामनगर व प्राथमिक विद्यालय मेवा में ,जो विकास का कार्य हुआ है ।उसे देख कर के लोगों के होश ही उड़ जाएंगे । इन दोनों विद्यालयों की बाउंड्री वाल निर्माण में सरकारी धन लगभग 4 लाख खर्च किया गया है ।परंतु बाउंड्री जमीन पर बनकर तैयार नहीं हो पाई है । जबकि ग्राम पंचायत सचिव के अभिलेखों में अवशेष बाउंड्री व गेट के निर्माण पर भी दिनांक 26/10/21 को कार्य का नाम आईडी संख्या 550 55029 पर धनराशि 1,42,911 रुपए व्यय का वाउचर दिख रहा है । अवशेष बाउंड्री बना देने का अर्थ है अब कोई बाउंड्री बनना शेष नहीं बची है । परंतु मेवा प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री पूरी नहीं बन सकी है ।और ना ही मेवा प्राथमिक विद्यालय तथा रामनगर प्राथमिक विद्यालय में गेट लगाए जा सके हैं। व्यय धन के विषय में पंचायत सचिव से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनका फोन उठा ही नहीं। ग्राम प्रधान से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनका फोन स्विच ऑफ ही जाता रहा । लोगों ने बताया ग्राम प्रधान के पास यह नंबर है ही नहीं ।तब ग्राम पंचायत के पंचायत मित्र से जानकारी लेने का प्रयास किया गया । पंचायत मित्र ने कहा प्रधान से क्या बात करनी है सारी बात मुझे बताओ। मैं




ही पंचायत मित्र। मैं ही प्रधान हूं। अर्थात निर्वाचित प्रधान रामजीवन केवल नाम के प्रधान है काम के प्रधान तो पंचायत मित्र ही हैं। यह बड़ी ही विचित्रता की बात है। योगी सरकार जहां प्रधानों को स्वयं सारे कार्य करने हेतु जोर दे रही है वहीं पर मेवाराम नगर में प्रधान लोगों की कठपुतली बना हुआ है। योग दिवस के उपलक्ष में योगाभ्यास के बाद शुरू हुई कथाएं ग्राम पंचायत में दो प्राथमिक विद्यालय आमने सामने बने हैं । विद्यालयों में सह शिक्षा की व्यवस्था है। दोनों विद्यालय के अध्यापक एक ही क्षेत्र में अपने नामांकन के लक्ष्य को किस प्रकार पूर्ण करा पाएंगे या कठिन कार्य है। विद्यालय के छात्र कैमरे के सामने सामान्य प्रश्नों के उत्तर नहीं दे पाए जिस पर अध्यापकों ने अधिक मेहनत करके बच्चों को ज्ञानार्जन कराने को कहा। प्राथमिक विद्यालय मेवा में बाउंड्री वाल अपूर्ण होने से गंदगी का अंबार मिला यद्यपि टीम के निरीक्षण करने के 1 दिन पूर्व ही एडीओ पंचायत परसेंडी अशोक यादव ने पंचायत में नियुक्त सफाई कर्मी को निर्देश दे दिया था कि ग्राम पंचायत मेवाराम नगर के समस्त विद्यालय ग्राम ओदरहा सहित सभी विद्यालय अवश्य साफ हो जाए। परंतु सफाई कर्मी ने एडीओ पंचायत के निर्देश को नहीं माना मीडिया टीम के पहुंचने तक विद्यालयों की सफाई नहीं हो सकी थी।

## विश्व की अनुपम रचना होगी श्री गोम्मटेश्वर बाहुबली मन्दिर – दीपक जैन

बागपत पत्रकार विवेक जैन। जनपद बागपत का बड़ागांव अपने प्राचीन, भव्य, विशाल जैन मन्दिरों और बुजुर्ग जैन साधु–संतो के आश्रम के लिए विश्वभर में विख्यात है और प्रमुख जैन तीर्थ स्थलों में इसकी गिनती होती है। जल्द ही इस पवित्र व पावन धरा पर जैन तीर्थंकर बाहुबली भगवान का विशाल मंदिर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन साधुवृति आश्रम में देखने को मिलेगा। आश्रम के प्रबन्धक दीपक जैन बताते है कि आश्रम में बाहुबली भगवान की सवा 31 फुट ऊँची और 16 फुट चौड़ी प्रतिमा वाले श्री गोम्मटेश्वर बाहुबली मन्दिर का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि भगवान बाहुबली का यह मन्दिर देश और विश्व की अनुपम रचनाओं में शुमार होगा और श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इसी गति से कार्य चलता रहा तो लगभग एक वर्ष में मन्दिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा। दीपक जैन ने बताया कि वह मध्यप्रदेश के दमोह जिले के रहने वाले है और लगभग 10 वर्षो से इस आश्रम में प्रबन्धक के रूप में कार्य कर रहे है। आश्रम का निर्माण मुनि श्री 108 संवेगसागर जी महाराज द्वारा करवाया गया है। आश्रम का मुख्य उद्देश्य बुजुर्ग जैन साधु–संतो की सेवा करने के साथ–साथ उन बुजुर्ग जैन समाज के लोगों के रहने–खाने आदि की निशुल्क व्यवस्था करना है जो तीर्थ स्थान पर रहकर पूजा–अर्चना करना चाहते है। आश्रम में तीर्थयात्रियों के लिए निशुल्क भोजनशाला



की व्यवस्था है। औषधालय में नाममात्र की राशि का भुगतान कर आर्युवेद पद्धति से ईलाज की सुविधा उपलब्ध है। आश्रम में गरीबों की सहायता के लिए नेकी की दीवार के नाम से पुण्य कार्य किये जा रहे है, इसमें सामर्थ्यवान लोग अपने घरों में काम ना आने वाले सामान जैसे कपड़े, जूते, चप्पल आदि इस दीवार के पास रख जाते है और गरीब लोगों को जिस सामान की जरूरत होती है वह यहाँ से ले जाते है। गौशाला, पशु पक्षियों की सेवा सहित अनेकों कार्य आश्रम की और से किये जाते है।

## फर्जी शिक्षकों के खिलाफ 30 जून तक दर्ज कराएं एफआईआर : निर्देश जारी

लखनऊ ब्यूरो : एसटीएफ द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर नौकरी करने वाले 228 शिक्षकों की पहचान के बाद भी अभी तक 176 के विरुद्ध एफआईआर नहीं दर्ज हुई है। एसटीएफ ने इस बाबत सूचना न मिलने के साथ आशंका जताई है कि आरोपियों को बचाव का मौका दिया जा रहा है। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा निदेशक ने विभिन्न 35 जिलों को ऐसे शिक्षकों के खिलाफ 30 जून तक एफआईआर दर्ज करवाकर निदेशालय को सूचना देने के निर्देश दिए हैं। निदेशक डॉ. सर्वेंद्र विक्रम सिंह ने पत्र जारी कर कहा है कि ,एफटीएफ ने आशंका जताई है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा ऐसे शिक्षकों को अतिरिक्त समय प्रदान किया जा रहा है। ऐसे में साक्ष्यों को खत्म किए जाने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। यह भी आशंका जताई है कि बेसिक शिक्षा विभाग के आदेश की कमियों के कारण आरोपित शिक्षक उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर बेफिक्र नौकरी कर रहे हैं। संबंधित बेसिक शिक्षा अधिकारी स्थगन आदेश को निरस्त कराने के लिए प्रभावी पैरवी नहीं कर रहे हैं। इसी क्रम में निदेशक ने 30 जून तक एफआईआर कराने के साथ ही मामलों में न्यायालय के वादों में प्रभावी पैरवी के निर्देश दिए हैं। इन जिलों में होनी है कार्रवाई गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, जौनपुर, गाजीपुर, भदोही, सोनभद्र, लखनऊ, सीतापुर,




हरदोई, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, कानपुरनगर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, आगरा, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, मथुरा।

# विधायक ने दुर्घटना बीमा के लाभार्थियों को 35 लाख रुपये का दिया चेक

अयोध्या ब्यूरो : रूदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने मंगलवार को रुदौली तहसील के सभागार में मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत अप्रैल व मई 2022 में लाभान्वित परिवारों को 35 लाख रुपये का चेक सौंपा।रूदौली विधानसभा क्षेत्र के मृतक रामनिवास पुत्र मुन्नालाल लाभार्थी प्रेमा देवी निवासी दलसराय को विधायक ने 5 लाख का चेक दिया।इसी क्रम मृतक राम जियावन पुत्र फकीरे लाभार्थी श्रीमती विन्द्रावती निवासी गोगांवा,मृतक राजेंद्र कुमार पुत्र पांचू लाल लाभार्थी श्रीमती रूपरानी निवासी अमीरपुर,मृतक मोहनलाल पुत्र श्री राम लाभार्थी श्रीमती चंद्रकला निवासी नरौली,मृतक रामकुमार पुत्र राम नेवाज लाभार्थी श्रीमती कृष्णा निवासी गणेशपुर,मृतक राजेंद्र प्रसाद पुत्र बाबूलाल लाभार्थी श्रीमती चांदनी निवासी ग्राम टांडा खुलासा,मृतक रमेश कुमार पुत्र श्रीपाल लाभार्थी श्रीमती मालती निवासी कोपाकाप के सभी लाभार्थियों को क्षेत्रीय विधायक राम चंद्र यादव ने मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 5–5 लाख रुपये का चेक लाभार्थियों को वितरण किया।इस दौरान उपजिलाधिकारी रुदौली स्वप्निल यादव व संबंधित ग्राम पंचायतों के लेखपाल मौजूद रहे।

# इंदिरा गांधी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास संपन्न

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार– धनंजय विश्वकर्मा : स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में दिनांक 21 जून, 2022 को प्रातः 5.30 बजे से अष्टम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय के दिशा– निर्देशन में आयोजित कराया गया। इस वर्ष के योग का मुख्य बिंदु मानवता के लिए योग था। स्टेडियम में अभ्यासरत विभिन्न खेलों के लगभग 200 खिलाड़ी अपने प्रशिक्षकगण के साथ उपस्थित थे, इसके अतिरिक्त खाद्य एवं रसद विभाग तथा युवा कल्याण विभाग के कर्मचारी, पीआरडी गार्ड तथा युवक /महिला मंगल दल के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर एलसीडी स्क्रीन द्वारा माननीय प्रधानमंत्री महोदय के उद्बोधन का सजीव प्रसारण स्टेडियम में कराया गया, जिसे खिलाड़ियों के साथ अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अजय सिंह, प्रतिनिधि– माननीय खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश शासन थे । मुख्य अतिथि का स्वागत संतोष विक्रम शाही, जिला पूर्ति अधिकारी जौनपुर एवं वैभव सिंह,




जिला युवा कल्याण अधिकारी जौनपुर के साथ खेल विभाग के सुजीत विश्वकर्मा, कार्यालय सहायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि द्वारा योग की महत्ता को रेखांकित करते हुए समस्त को योग अपनाने का आह्वान किया गया। सर्व श्री विनीत, राज यादव एवं श्री श्रवण कुमार योग प्रशिक्षकगण द्वारा कुशलतापूर्वक योगासन एवं प्राणायाम कराया गया तथा प्रत्येक आसन आदि की महत्ता का भी उल्लेख किया गया। योग कार्यक्रम का आयोजन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपादित हुआ जिस पर द्वय अधिकारीगण द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।

# आर. टी. एकेडमी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अयोध्या ब्यूरो : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आर.टी.एकेडमी हैरिंग्टनगंज में योग दिवस मनाया गया। आयोजित योग शिविर में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ योग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं। कार्यक्रम की शुरूआत ऊं व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। उसके बाद योग शिक्षिका चांदनी पांडे व मुस्कान ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका शुक्ला ने भी बच्चों को योग के बारे में बताया तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाया। विद्यालय की एम. डी. सुनीता यादव ने बच्चों को बताया कि नियमित रूप से योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है।स्वस्थ रहने के लिए जीवन में योग करना आवश्यक है, क्योंकि नियमित रूप से योग करने से शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह का विकास होता है। इस मौके के अवसर पर यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छा अंक से पास होने वाले छात्र–छात्राओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या प्रियंका शुक्ला ने कहा कि यूपी बोर्ड का रिजल्ट अच्छा रहा है। अच्छा अंक प्राप्त कर बच्चों ने विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया। अच्छे अंक से प्राप्त करने वालो में मंदिरा यादव (91.67:), प्रीति (91:),राजलक्ष्मी (90.17:), प्रिया (88.33:), अंजली यादव(88:)अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यालय के मेध ाावी छात्र–छात्राओं का तथा उनके अभिभावकों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की एम.डी.सुनीता यादव ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर राम कृपाल , मनीष,अनुपम दुबे,कृष्ण कुमार, राजेश्वर श्रीवास्तव, अभिषेक तिवारी, कृ ष्णा,चांदनी, कुसुम, मुस्कान आदि लोगो ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मेधावी छात्र छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता और शिक्षकों को दिया।

# तय समय सीमा के अंदर ही बनकर तैयार हो जायेगा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का गर्भ गृह

अयोध्या ब्यूरो : सर्किट हाउस में चल रही राम मंदिर निर्माण सीमित की दूसरे दिन की बैठक हुए सपन्न। बैठक की समाप्ति के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि जी महाराज का बयान। राम मंदिर निर्माण का कार्य अत्यंत ही तीव्र गति से चल रहा है और तय समय सीमा के अंदर ही रामलला के गर्भ गृह का निर्माण कार्य पूरा करके भगवान रामलला को उनके मुख्य स्थायी गर्भ गृह में स्थापित कर दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि राम मंदिर निर्माण के साथ ही साथ अयोध्या नगरी का भी समुचित विकास हो। हम जिला प्रशासन और यहाँ के बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक करके पूरी अयोध्या नगरी के विकास पर चिंतन करते हैं।यह देखते हैं कि शहर का विकास निर्माणाधीन राम मंदिर के अनुरुप हो रहा है कि नहीं।यह भी देखा जाता है कि एक ही चीज का निर्माण दो दो जगहों पर न कर दिया जैसे कि अगर हम म्यूजियम बना रहे हैं और यह भी म्यूजियम बनायेंगे तो उसका कोई उपयोग नहीं रहेगा इसीलिये कोई भी चीज रिपीट नहीं हो पाये यह जरुरी है।चेक बाउंस होने के मसले पर बोलते हुये कहा। चेक भेजने वालों की भावनायें गलत नहीं होंगी किसी न किसी तकनीकी कमी के कारण ऐसा हुआ है।मसलन जैसे किसी चेक का समय ओवर हो गया है वहीं बड़े बड़े दानदाता जल्दबाजी में कभी कभी चेक पर हस्ताक्षर करना भूल जाते हैं तो कभी तारीख गलत हो जाती है तो कभी कभी ओवर राइटिंग होने के कारण चेक बाउंस हो जाते हैं।ऐसे में दानदाता की भावना गलत है यह नहीं कहा जा सकता।जो भी चेक बाउंस हुये हैं उनमें भी लगभग ऐसी ही कमियां थीं।

# अलग–अलग हुए सड़क हादसों में बाइक सवार मां–बेटे समेत तीन की मौत

अयोध्या ब्यूरो : जनपद में अलग–अलग हुए सड़क हादसों में बाइक सवार मां–बेटे समेत तीन की मौत हो गई। लखनऊ हाइवे पर शव लेकर आ रही एक एंबुलेंस ने एक बाइक को रौनाही थाना क्षेत्र में टक्कर मार दी जिसमें मां–बेटे की मौत हो गई। वहीं प्रयागराज हाइवे पर एक गैस टैंकर से टककर के चलते एक विवाहिता की मौत हो गई, हलांकि बाइक चला रहा उसका पति सकुशल बच गया। पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बताया गया कि मंगलवार को दोपहर बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही थाना क्षेत्र स्थित बरेसर गाँव के पास दिल्ली से एक शव को लेकर बिहार प्रान्त जा रही एंबुलेंस यूपी 23 टी 4369 ने एक बाइक यूपी 41 एडी 0236 को टक्कर मार दी। हादसे के समय बाइक सवार हाइवे पर रोड पार कर रहा था। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बाइक पर सवार बुजुर्ग महिला एंबुलेंस की चपेट में आ गई,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पर स्ताहनीय लोगों ने घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की शिनाख्त 60 वर्षीय शीतला देवी पत्नी इंद्रजीत निवासी भिटौरा कोतवाली रुदौली और उसके बेटे 18 वर्षीय बलराम के रूप में हुई है। रौनाही पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उधर प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोतवाली बीकापुर के पिपरी चौराहा पर सोमवार की देर शाम 7.00 बजे एक गैस टैंकर ने एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गये। स्थानीय लोगों में मामले की जानकारी इलाकाई पुलिस को देने के साथ एंबुलेंस की मदद से दंपत्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और दुर्घटना करने वाले गैस टैंकर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिला अस्पताल लाये जाने पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने 23 वर्षीय प्रीति शुक्ला पत्नी प्रेम कुमार शुक्ला निवासी ग्राम गोविंदपुर कोतवाली बीकापुर को मृतक घोषित कर दिया , जबकि उसके पति प्रेम कुमार शुक्ला को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। बताया गया कि बीकापुर कोतवाली निवासी प्रेम कुमार शुक्ला की ससुराल तारुन थाना क्षेत्र में थाने के बगल में है और घटना के समय वह अपनी पत्नी को ससुराल से लेकर वापस अपने घर जा रहे थे। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि शव को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया गया है। कार की टक्कर से मोपेड सवार की मौत। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को दूसरी पहर लगभग तीन बजे रुदौली कोतवाली क्षेत्र के मुफ्फरा गांव के निकट एक कार की टक्कर से मोपेड सवार युवक की मौत हो गई। घटना के समय ग्राम अल्हवाना निवासी 60 वर्षीय मोहम्मद इदरीस पुत्र निरहू उर्फ मुबारक अपने गाँव से मोपेड से टाटीबाबा की बाजार जा रहा था। हादसे हादसेके बाद चालक अपनी कार को एक ढ़ाबे पर खड़ी कर मौके से फरार हो गया। जिसको पुलिस ने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस का कहना है ग्राम मुजफरा में लगने वाली टाटी बाबा की बाजार जा रहे ग्राम अल्हवाना निवासी मोहम्मद इदरीस की मोपेड को अयोध्या की ओर जा रही बालेनो कार यूपी 51 एआर 7921 ने जोरदार टक्कर मार गम्भीर रूप से घायल कर दि एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया जहां उनकी मौत हो गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास को लेकर खूब दिखा उत्साह : लोगों ने जमकर किया योगाभ्यास

शाहगंज/जौनपुर, पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : 14 जून से चल रहे अमृत योग सप्ताह के आज अंतिम दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप मे मनाया गया ,इस अवसर पर लोगों ने सुबह सुबह उठकर योगा स्थल पहुंचकर खूब पसीने बहाऐ जमकर किया अभ्यास, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में प्रातः 5.30 बजे से अष्टम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के दिशा– निर्देशन में आयोजित किया गया। इस वर्ष के योग का मुख्य बिंदु मानवता के लिए योग था। स्टेडियम में अभ्यासरत विभिन्न खेलों के लगभग 200 खिलाड़ी अपने प्रशिक्षकगण के साथ उपस्थित थे, इसके अतिरिक्त खाद्य एवं रसद विभाग तथा युवा कल्याण विभाग के कर्मचारी, पीआरडी गार्ड तथा युवक /महिला मंगल दल के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर एलसीडी स्क्रीन द्वारा प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी स्टेडियम में कराया गया, जिसे खिलाड़ियों के साथ अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय सिंह, प्रतिनिधि– खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश शासन थे । मुख्य अतिथि का स्वागत संतोष विक्रम शाही, जिला पूर्ति अधिकारी जौनपुर एवं वैभव सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी जौनपुर के साथ खेल विभाग के सुजीत विश्वकर्मा, कार्यालय सहायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा योग की महत्ता को रेखांकित करते हुए समस्त को योग अपनाने का आह्वान किया गया।राज यादव एवं श्रवण कुमार योग प्रशिक्षकगण द्वारा कुशलतापूर्वक योगासन एवं प्राणायाम



कराया गया तथा प्रत्येक आसन आदि की महत्ता का भी उल्लेख किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर करंजकला ब्लॉक मुख्यालय में भी योगा का आयोजन किया गया,योगगुरु राजकुमार यादव ने लोगों को विभिन्न प्रकार के योगासन का अभ्यास कराया, तथा योग के महत्व के बारे में बताया मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ा सुनील यादव (मम्मन)ने लोगों को अपने जीवन में योगा को महत्वपूर्ण स्थान देने और इसे अपने जीवन काल में उतारने की प्रेरणा दी कहा कि करे योग रहे निरोग इसी कड़ी के साथ आप सभी लोग अपने जीवन काल में निरंतर योगा करते रहे कई लाइलाज बीमारियों का खात्मा इसे योगासन से किया जा सकता है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत रमेश यादव,ग्राम पंचायत अधिकारी नागेंद्र यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रदीप श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजकला फार्मासिस्ट सत्यलाल यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर सरायख्वाजा थाना परिसर में भी योगाभ्यास का आयोजन किया गया, प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय ने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया और सभी लोगों को निरंतर योगा करने का संदेश दिया। इस मौके पर उपनिरीक्षक शिव प्रकाश वर्मा,हेड कांस्टेबल अरुण कुमार गौड़,कांस्टेबल बाल्मीकि कांस्टेबल कृष्णकांत,हेड कांस्टेबल पवित्र प्रदूषण तिवारी, हेड कांस्टेबल अनिल सिंह,कांस्टेबल अनिल सिंह,कांस्टेबल लाल जी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# गलत आचरण पर समाप्त होगी शिक्षामित्रों की सेवा : अब हर साल होगा नवीनीकरण

अयोध्या ब्यूरो : शिक्षामित्र अब परिषदीय विद्यालयों में मनमानी नहीं कर पाएंगे। शिक्षण कार्य में लापरवाही और आचरण में दोषी पाए जाने पर शिक्षामित्रों की सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। नए शासनादेश के तहत अब शिक्षामित्रों का प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण होगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक ने सभी बीएसए को पत्र जारी किया है, जिसे लेकर बीएसए ने शिक्षामित्रों के नवीनीकरण के निर्देश दिए हैं। शासन से भेजे गए पत्र में कहा गया कि शिक्षामित्रों का प्रतिवर्ष नवीनीकरण किया जाएगा। सत्र में यदि किसी शिक्षामित्र का शिक्षण कार्य व आचरण संतोषजनक नहीं रहा तो ग्राम शिक्षा समिति तथ्यात्मक आपत्ति प्रस्ताव बीएसए को उपलब्ध कराएगी। बीएसए ऐसे सभी प्रस्तावों को जिलाधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। यदि जिलाधि ाकारी संतुष्ट हो जाएं कि शिक्षामित्र के द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने में शिथिलता बरती गई है तो उस शिक्षामित्र का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। बीएसए संतोष देव पांडेय ने बताया कि नए आदेश के क्रम में खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी स्कूल में ऐसा मामला पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई होगी। आगामी 25 जून तक नवीनीकरण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि शिक्षामित्रों को पूर्व की तरह अधिकतम 11 माह का मानदेय दिया जाएगा। शिक्षामित्रों की संविदा की समय अवधि हर वर्ष 16 जून से 31 मई तक होगी। शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से 14 जनवरी को संविदा अवधि में नहीं जोड़ा जाएगा और न ही मानदेय दिया जाएगा।

# योग मन और तन को स्वस्थ रखने में मदद करता है –अवनीश कुमार राय

शाहगंज/जौनपुर। पत्रकार – धनंजय विश्वकर्मा : 21 जून योग दिवस के अवसर पर थाना सराय ख्वाजा प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय व उपनिरीक्षक शिव प्रकाश वर्मा मय फोर्स के साथ योग किया। थाना प्रभारी ने



बताया कि योग मन और तन को स्वस्थ रखने में मदद करता है। एक योग करने वाला व्यक्ति योग न करने वाले व्यक्ति की तुलना में ज्यादा स्वस्थ और खुश रहता है। योग से आंतरिक खुशी मिलती है, आनंद की अनुभूति होती है और मन प्रसन्न रहता है। योग के दौरान ध्यान लगाया जाता है, जो शरीर और मस्तिष्क को मिलाने में मदद करता है। थाना परिसर में योग करते हुए, हेड कांस्टेबल अरुण कुमार गौड़ कांस्टेबल बाल्मीकि कांस्टेबल कृष्णकांत हेड कांस्टेबल पवित्र प्रदूषण तिवारी हेड कांस्टेबल अनिल सिंह कांस्टेबल अनिल सिंह कांस्टेबल लाल जी आदि फोर्स मौजूद रहे।

# भारतीय पर्वतीय महासभा द्वारा धूमधाम से मनाया गया आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अयोध्या ब्यूरो : स्वर्ण जयंती पार्क इंदिरा नगर में भारतीय पर्वतीय महासभा के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों द्वारा आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें पदाधि ाकारियों के साथ साथ अन्य अनेक लोगों द्वारा इस योग दिवस में प्रतिभाग किया गया। महासभा के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक पान सिंह भंडारी जी ने सभी देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी ,उन्होंने कहा कि योग की यह अनादि यात्रा अनंत भविष्य की दिशा में ऐसे ही चलती रहेगी. हम सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया के भाव के साथ एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण विश्व को योग के माध्यम से भी गति देंगे.यह पूरा ब्रह्मांड हमारे अपने शरीर और आत्मा से शुरू होता है. ब्रह्मांड हम से शुरू होता है और, योग हमें अपने भीतर की हर चीज के प्रति जागरूक बनाता है और जागरूकता की भावना का निर्माण करता है. योग हमारे लिए शांति लाता है. योग से शांति केवल व्यक्तियों के लिए नहीं है. योग हमारे समाज में शांति लाता है. योग हमारे राष्ट्रों और विश्व में शांति लाता है और, योग हमारे ब्रह्मांड में शांति लाता है. इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम #YogaForHumanity के जरिए योग के संदेश को पूरी मानवता तक पहुंचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र और सभी देशों का हृदय से ध न्यवाद किया. मालूम हो कि पीएम नरेन्द्र मोदी जी ने ही 2014 में प्रध ाानमंत्री बनने के बाद साल में एक दिन योग के नाम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सामने 'अंध्तरराष्ट्रीय योग दिवस' घोषित करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे स्वीकार कर लिया गया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता मिली. पहला इंटरनेशनल योगा डे, 21 जून 2015 को मनाया गया था। योग दिवस के कार्यक्रम में भारतीय पर्वतीय महासभा के मुख्य संरक्षक श्री पान सिंह भंडारी,मुख्य संयोजक श्री ललित मोहन जोशी , राष्ट्रीय महासचिव डॉ अनुपम सिंह भंडारी कार्यालय मंत्री श्री दिनेश उपरेती , डॉ अमित पांडे, नवीन चंद्र जोशी, संजय भट्ट, हरीश अधि ाकारी, प्रेमा पंडे, शिवराम मिश्रा, दिनेश श्रीवास्तव आरके सिंह, हरीश उपाध्याय, मोहन भट्ट ,प्रकाश भट्ट, सुंदर सिंह बोरा ,प्रतीक बिष्ट पृथ्वी सिंह, चंदन भंडारी ,जी सी जोशी, जी एस चौहान, जगदीश मेहता, अभिलाषा बिष्ट, अदिति बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, जीएस धामी आदि अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# उपभोक्ता संगठनों की मांग– घपलों–घोटालों पर रोक लगाएं : बिजली दरों में करें कमी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं व उपभोक्ता संगठनों ने बिजली दरों में किसी भी तरह की वृद्धि का विरोध करते हुए घपलों–घोटालों पर रोक लगाने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह मांग बिजली कंपनियों की ओर से 2022–23 के लिए दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) व स्लैब परिवर्तन के प्रस्ताव पर राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा मंगलवार को हुई जनसुनवाई के दौरान की गई। पहले दिन पश्चिमांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम तथा केस्को की बिजली दर से संबंधित जनसुनवाई की गई। दिलचस्प रहा कि आयोग ने बिना दरों के स्लैब परिवर्तन प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण देखने से इन्कार कर दिया। आयोग के अध्यक्ष ने यह कहते हुए प्रस्तुतीकरण रोका कि जब समाचार पत्रों में इसका प्रकाशन नहीं हुआ है और इसमें दरें नहीं प्रस्तावित की गई हैं तो इसका क्या औचित्य है? आयोग के इस रुख से लगातार तीसरे साल भी बिजली कंपनियों की स्लैब परिवर्तन की कोशिशों के परवान चढ़ने पर सवालिया निशान लग गया है। नियामक आयोग के अध्यक्ष आरपी सिंह, सदस्य कौशल किशोर शर्मा व वीके श्रीवास्तव की पूर्ण पीठ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जनसुनवाई की। आंकड़ों पर सवालः राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने एआरआर के आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिजनेस प्लान में नियामक आयोग ने



2022–23 के लिए 10.67 प्रतिशत वितरण हानियां तय की हैं जबकि एआरआर में वितरण हानियां 17.5 प्रतिशत दिखाई गई हैं, जो गलत है। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का 22,045 करोड़ रुपये निकल रहा है। ऐसे में दरों में कमी होनी चाहिए। उन्होंने स्लैब परिवर्तन के प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि बिना सार्वजनिक प्रकाशन के इसे सुनवाई में शामिल किया जाना आयोग की अवमानना है। इसके अलावा वर्मा ने विदेशी कोयले की खरीद पर रोक की मांग की। कहा कि इससे उपभोक्ताओं पर भार पड़ेगा। निजी घरानों से महंगी बिजली खरीद पर भी सवाल उठाया। परिषद ने टोरेंट पावर पर आंकड़े छिपाने का आरोप लगाते हुए उसके साथ किए गए अनुबंध को भी रद्द करने की मांग की। अन्य मुद्दे भी उठाए गएः जनसुनवाई में मीटर, बिलिंग, भार में टेंपरेरी सरेंडर की सुविधा, डीएमआरसी ने दरें कम करने, उद्योगों के मामलों में भार की कमी के लिए दो वर्ष की समयसीमा को कम करने की मांग के साथ ओपेन एक्सेस, नेट मीटरिंग आदि के मामले भी उठाए गए।

# बिजली विभाग द्वारा धर्मापुर बाजार में कैंप लगाकर जमा कराया गया करीब साढ़े तीन लाख रुपया

जौनपुर दै.देश की उपासना कार्यालय प्रतिनिधि : जौनपुर विद्युत वितरण खंड चतुर्थ अंतर्गत उप केन्द्र कबीररूददीनपुर द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना अंतर्गत ओ.टी.एस के तहत धर्मापुर बाजार में शिव मंदिर के समीप कैंप लगाकर अवर अभियंता अनिल गुप्ता की देखरेख में रमेश कुमार



लाइनमैन व उनके स्टाफ द्वारा उपभोक्ताओं से करीब 70 लोगों का आज पंजीकरण कराकर लगभग साडे तीन लाख रूपया जमा करा कराया गया, इस प्रकार इन लोगों के सफल प्रयास से कैम्प में स्थानीय विद्युत उपभोक्ताओं से साडे तीन लाख जमा कर राजस्व में वृद्धि की गई की गई है।

# अखिल भारतीय चाणक्य परिषद द्वारा मेधावी छात्रा का किया गया सम्मान

अयोध्या ब्यूरो : विकास खंड के मझौली के पास बनखोदवा गांव में अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही सृष्टि पांडेय ने यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र में ऐसा उदाहरण प्रस्तुत कर साबित कर दिया है कि विपरीत परिस्थितियों में भी यदि लक्ष्य के प्रति संकल्पबद्ध होकर मेहनत की जायगी तो मुकाम को हासिल करना मुश्किल नहीं है । अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित व सम्मानित करने के प्रति सदैव प्रतिवद्ध रहा है ।परिषद के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा बनखोदवा गांव पहुंच कर परिजनों से मिलकर सृष्टि पांडेय को पुष्पगुच्छे व पारितोषिक भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर विलक्षण प्रतिभा का सम्मान करते हुए प्रोत्साहित किया गया तथा सृष्टि पांडेय को यह आश्वासन दिया गया कि शिक्षा क्षेत्र में अपनी आगे की मंजिल तय करने में उन्हें कोई बाधा नहीं आने पायेगी परिषद हर सम्भव सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर रहेगा। मूलतः रामपुर भगन के पास सागरपुर गांव में जन्मी सृष्टि पांडेय के ऊपर से पिता का साया चार साल पूर्व में ही उठ गया था । कैंसर की विमारी से पिता का देहांत हो गया । घर की माली हालत ठीक नहीं रही चार बहन और एक भाई तथा मां के बीच से निकल कर अपनी पढ़ाई के लिए वह अपने ननिहाल चली आई और अपने मामा के संरक्षण में महाराणा प्रताप इंटर कालेज में शिक्षा प्राप्त की जहां अपनी लगन वह मेहनत से जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर परिवार, क्षेत्र तथा विद्यालय का नाम रोशन किया । प्रतिनिधिमंडल द्वारा भविष्य की मंजिल के बारे में पूछे जाने पर बताया कि उनका सपना प्राशसनिक सेवा में जाकर आई ए एस बनकर देश की सेवा करने का है। प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री पं० विनय पांडेय, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पं० जय प्रकाश तिवारी, जिला अध् यक्ष पंडित राकेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष पंडित राकेश मिश्रा, बीकापुर ब्लाक अध्यक्ष पंडित मानस तिवारी, ब्लाक के कार्यकारणी सदस्य पं० अरस दुबे, तोरोमाफी ग्राम समिति महामंत्री पं० ऋषि पांडे, बीकापुर नगर मीडिया प्रभारी पं० राजेंद्र पाठक, पं० के० के० शुक्ला, पं० आशीष पांडे, पं० दयाशंकर शुक्ल उपस्थित रहे।

# एसएसपी अयोध्या ने जिले में कई डिप्टी एसपी व निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिये कई सर्किल के सीओ के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है वही इसी कड़ी में आधा दर्जन से अधिक निरीक्षको के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने यह संदेश दिया कि जिले में किसी के कार्यक्षेत्र में किसी भी तरह की अपराध अक्षम्य होगी।जिसमे कई सीओ व निरीक्षक की ताजपोशी व कुछ को महत्व हीन पद पर भेजा।एसएसपी शैलेश पांडे ने चार सीओ के कार्य क्षेत्र में बदलाव तथा दो सीओ को अतिरिक्त चार्ज दिया।जिसमें डिप्टी एसपी शैलेंद्र सिंह को सीओ सिटी के साथ सीओ पुलिस लाइन का चार्ज सौदा वही शैलेंद्र प्रताप गौतम को सीओ सदर के साथ सीओ क्राइम को अतिरिक्त प्रभार सौपा।जबकि डिप्टी एसपी डॉक्टर राजेश तिवारी सीओ अयोध्या व डिप्टी एसपी प्रमोद कुमार यादव सीओ बीकापुर बने।डिप्टी एसपी संदीप कुमार सिंह सीओ रुदौली व श्री नरेश सीओ राम जन्मभूमि बनाए गए।जबकि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने सात निरीक्षको के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया।इस फेरबदल में निरीक्षक शमशेर बहादुर



सिंह को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बनाकर उन पर भरोसा जताया है।वही निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडे को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या की कमान सौपी।जबकि निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी प्रभारी को निरीक्षक थाना राम जन्मभूमि बनाया।वही थाना प्रभारी राम जन्मभूमि मनोज कुमार यादव लाइन हाजिर कर कोतवाली नगर प्रभारी रहे देवेंद्र सिंह को प्रभारी यूपी 112 व निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ में भेजा।वही निरीक्षक देवेंद्र प्रसाद पांडे को प्रभारी डीसीआरबी सीसीटीएनएस बनाए गए।

# शंकर गौपालन सेवा संस्थान नाम की फ्रॉड कंपनी के डायरेक्टर एवं सचिव को पुलिस ने गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूत्र के मुताबिक जिले के थाना खंडासा क्षेत्र में शंकर गौपालन सेवा संस्थान नाम से कार्यालय खोलकर निवेशकों का धन दोगुना किए जाने का प्रलोभन देते हुए धोखाधड़ी के जाने के मामले में आखिरकार खंडासा थाने में दर्ज धोखाधड़ी ओम गबन के मुकदमे के आरोपी खंडासा पुलिस के हत्थे चढ़ ही गए हैं।इस संबंध में थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने संस्थान के डायरेक्टर और सचिव को गिरफ्तार कर थाने में दर्ज धोखाधड़ी एवं गबन के मुकदमे में उन्हें जेल भेज दिया है।सूत्र के मुताबिक जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित चौराहे पर शंकर गौपालन सेवा संस्थान नाम से हरजी कंपनी कार्यालय खोलकर कंपनी के डायरेक्टर एवं सचिव द्वारा क्षेत्रवासी लोगों को लोक लुभावने प्रलोभन दिए गए थे। यही नहीं संस्थान में निवेश करने वाले निवेशकों को दोगुना धन देने का प्रलोभन दिया गया था। संस्थान के पदाधिकारियों के झांसे में आकर ठगी के शिकार हुए क्षेत्रवासी लोगों द्वारा संस्थान के खाते में करोड़ों रुपए का निवेश कर दिया गया था। पैसा वापस न मिलने की दशा में खंडासा निवासी शीतांशु कुमार पाठक ने कंपनी के चार लोगों आशा देवी, सुरेश मिश्रा, बैजनाथ एवं निर्मल तिवारी के विरुद्ध खंडासा थाने में धोखाधड़ी ओम गबन की गंभीर आपराधिक धाराओं में




दो अलग–अलग मुकदमे दर्ज करा दिए थे आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने पुलिस टीम गठित कर दी थी।इस मामले में दो आरोपियों संस्थान के डायरेक्टर सुरेश मिश्रा पुत्र चंद्रमा प्रसाद मिश्र निवासी पूरे कोहली अमावा सूफी एवं सचिव बैजनाथ तिवारी पुत्र राघव राम तिवारी निवासी पुरे भीम तिवारी गद्दोपुर थाना खंडासा के थाना क्षेत्र स्थित मड़हा पुल पर मौजूद होने की जानकारी पुलिस टीम को मिली। इसकी सूचना मिलते ही थाने के उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव व अश्वनी कुमार सिंह तथा कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव व अनुज कुमार मौके पर पहुंच गए जिन्हें देख दोनों आरोपी भागने के फिराक में थे कि पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उन्हें थाने ले आए।वही जहां थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमों के आरोप में जेल भेज दिया।

# कामगार और श्रमिक आयोग एवं मिशन रोजगार, सेवा मित्र पोर्टल : जेम पोर्टल तथा वृहद रोजगार मेले को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

अयोध्या ब्यूरो : जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कामगार और श्रमिक आयोग एवं मिशन रोजगार, सेवा मित्र पोर्टल, जेम पोर्टल तथा वृहद रोजगार मेला आयोजित करने के संबंध में बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित सेवा मित्र व्यवस्था के अंतर्गत सेवा प्रदाता के माध्यम से कुशल कामगारों (सेवा मित्र) द्वारा नागरिकों/ उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करने के साथ ही साथ प्रदेश के समस्त सरकारी विभागों एवं उनके अंतर्गत संस्थाओं में प्राथमिकता के आधार पर सेवा मित्र पोर्टल से सेवाएं प्राप्त करने के दृष्टिगत सहायक निदेशक सेवायोजन पद्मबीर कृष्ण सहित सेवायोजन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवा मित्र पोर्टल की विस्तृत जानकारी रखने तथा जनपद के समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी सेवा मित्र पोर्टल का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के जिन विभागों द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर अपना पंजीयन नहीं कराया है वे शीघ्र अति शीघ्र सेवायोजन पोर्टल पर अपने विमाग का पंजीयन कराएं। उन्होंने मिशन रोजगार से संबंधित विभागों को निर्धारित प्रारूप पर वर्ष 2022–23 की कार्य योजना सेवायोजन कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बृहद रोजगार मेला आयोजित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों यथा परियोजना निदेशक ग्रामीण विकास आरपी सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम नागेंद्र मोहन त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा, जिला पंचायत राज अधिकारी शीतला प्रसाद सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय सहित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला हथकरघा एवं उद्योग विभाग, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक का एक दिवस का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक निदेशक सेवायोजन, उपायुक्त उद्योग, पीओ डूडा, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# करंट लगने से मां–बेटे की दर्दनाक मौत : गांव में पसरा सन्नाटा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के विनायकपुर गांव में घर के अन्दर पंखे में उतरे विद्युत करंट की चपेट में आने से 80 वर्षीय मां कुंता और 65 वर्षीय बेटे खदेरू मौर्या की मौके पर ही मौत हो गई।सूत्र के मुताबिक मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत खंडासा थाना क्षेत्र के विनायकपुर गांव निवासी 65 वर्षीय खदेरू मौर्य घर के अंदर बोर्ड से लगे पंखे को हटा रहे थे।खदेरू ने जैसे पंखा हटाने के लिए उठाया विद्युत करंट ने उनको अपनी चपेट में ले लिया, विद्युत करंट ने इस तरीके से अपनी चपेट में लिया कि वह बोल नहीं सके।पंखे की गिरने की आवाज पर जब उनकी 80 वर्षीय वृद्ध मां कुंता ने उनको पकड़ कर खींचना शुरू किया, तो उनको भी विद्युत ने अपनी चपेट में ले लिया।जब तक परिवार के अन्य सदस्य कुछ समझ पाते तब तक मां बेटे की मौक हो चुकी थी।इस घटना की जानकारी मिलने के बाद थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।घटना की जानकारी लेते हुए मृत पड़े मां बेटे के शव का पंचायत नामा भरा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा, लेकिन परिवार के सदस्यों ने पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि परिवार के सदस्य पोस्टमार्टम नहीं करवाना चाह रहे थे, जिसके लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा जा सका।बिजली कनेक्शन के संबंध में जब ग्रामीणों से जानकारी चाहने का प्रयास किया गया तो कोई भी ग्रामीण विद्युत कनेक्शन के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका, मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है, जिसके बाद से गांव में मातम सा छाया हुआ है। एसडीओ विद्युत संतोष कुमार से दुर्घटना के संबंध में जब जानकारी जाने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि इसके बारे में अभी मुझको कोई जानकारी नहीं है।

# अयोध्या में छठ उत्सव पर मां सरयू की सजाई गई भव्य झांकी : महाआरती उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या में मां सरयू का छठ उत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ नमामि सरयू सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजा पांडेय महाराज की अध्यक्षता में मनाया गया। सरयू घाट पर देर शाम मां सरयू की भव्य झांकी सजाई गई और वृहद आरती किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या सीओ आरके चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि सीओ राजेश तिवारी सहित अन्य प्रमुख भक्तगण रहे। कार्यक्रम आयोजक राजा पांडेय ने बताया कि यह 9वां वर्ष है । हमारे द्वारा हर वर्ष मां सरयू की भव्य झांकी सजाई जाती है। महाआरती का आयोजन होता है। धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है और 11 हजार भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस दौरान कार्यक्रम में आए सभी मुख्य अतिथि का कार्यक्रम आयोजक राजा पांडेय द्वारा माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम आयोजक राजा पांडेय ने बताया कि जब तक मां सरयू की कृपा रहेगी। हर वर्ष हम छट उत्सव के दिन मां सरयू का भव्य झांकी सजाऊंगा, आरती करूंगा, धार्मिक कार्यक्रम करआऊंगा और हजारों भक्तों का भंडारा भी करआऊंगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी भक्तों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में जिसने भी सहयोग किया सभी के प्रति कार्यक्रम आयोजक राजा पांडेय और उनकी टीम ने उनके प्रति आभार ज्ञापित किए।

# एनसीसी के कैडेट एवं विद्यालय के शिक्षकों कर्मचारियों ने किया योग

अयोध्या ब्यूरो : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर योगा प्रोटोकोल के तहत 5 कंपनी एनसीसी श्री राम वल्लभा भगवंत विद्यापीठ इंटर कॉलेज ड्योढ़ी अयोध्या में एनसीसी कैडेटों ,विद्यालय के छात्र छात्राओं विद्यापीठ के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पूरी उत्साह और लगन के साथ योगासन किया। एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट राकेश मौर्या ने बताया कि एनसीसी महानिदेशालय और उत्तर प्रदेश शासन के मनसा अनुरूप और विद्यापीठ के प्रधानाचार्य श्री रामकृष्ण पांडे के निर्देशानुसार विगत 14 जून से प्रतिदिन प्रात काल योगाभ्यास कैडेटों एवं विद्यापीठ के छात्र छात्राओं और शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा किया गया ।योगाभ्यास आज दिनांक 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए अभ्यास था आज योग दिवस के दिन 5 कंपनी एनसीसी के कैडेट और विद्यापीठ के समस्त शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस योगा योग दिवस में छात्रों के परिवार जन ने भी हिस्सा लिया और योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ उठाया ।योगाभ्यास करते समय सभी का उत्साह अपने चरम पर था । यह योगाभ्यास विद्यापीठ के शारीरिक शिक्षक एवं एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट राकेश मौर्या ने कराया साथ ही साथ योग करने के फायदों के बारे में विस्तार से सभी को बताया। इस मौके पर विद्यापीठ के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री वीरेंद्र मिश्र श्री सतीश सिंह श्री अतुल मिश्रा, श्री महेश चंद्र वर्मा , कार्यालय अधीक्षक श्री अरविंद पांडे,श्री अमित सिंह ,श्री अरुणेश तिवारी ,श्री कृष्ण देव चौबे, श्री अमित शर्मा, श्री आर एस पांडे श्री सुधांशु पांडे श्री दीपक कुमार श्री मनीष तिवारी ,श्री राम तिलक तिवारी ,श्री राम गणेश तिवारी और विद्यापीठ के समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने, 65 बटालियन एन सी सी अयोध्या की तरफ से आए हुए हवलदार अजीत कुमार उपस्थित होकर इस योगाभ्यास का लाभ उठाएं और साथ ही साथ योग दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण करते हुए यह शपथ लिया कि हम योगाभ्यास को नित्य प्रतिदिन अपने दैनिक जीवन में अपनाएंगे और खुद स्वस्थ रहते हुए योगाभ्यास के लिए अपने परिवार अपने समाज और अपने देश के सभी नागरिकों को स्वस्थ बनाएंगे।

# अयोध्या में महाराष्ट्र भवन बनाने की बात योगी से चल रही–आदित्य ठाकरे

अयोध्या ब्यूरो : शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के पुत्र और महाराष्ट्र सरकार के मंत्री आदित्य ठाकरे बुधवार की दोपहर अयोध्या पहुंचे। यहां पर उन्होंने सबसे पहले रामनगर स्थित इस्कान मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया। उनके साथ बड़ी संख्या में महाराष्ट्र सरकार के मंत्री, विधायक और शिवसेना सांसद संजय राउत भी मौजूद रहे। दर्शन पूजन करने के बाद ठाकरे ने इस्कान मंदिर में ही भोजन ग्रहण किया। यहां से वह हाईवे पर स्थित एक होटल के लिए रवाना हो गए। वह मीडिया से मुखातिब भी हुए और कहा अयोध्या भारत की आस्था से जुड़ी हुई है। 2018 में हमने रामनगरी से ही नारा दिया था कि पहले मंदिर फिर सरकार शिवसेना के नारे के बाद मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हुआ था। अयोध्या में कोर्ट के आदेश पर बन रहा मंदिर आज हम राम लला और हनुमान जी का दर्शन करेंगे राम लला से प्रार्थना करेंगे हमारे हाथों से लोगो की अच्छी सेवा हो अयोध्या में महाराष्ट्र सदन की जगह के लिए सीएम योगी से बात करेंगे चुनाव में हम जो कहते है, उसे पूरा करते है। अयोध्या हम राजनीति के लिए नही आये है अयोध्या में हम भक्त बनकर आये है अयोध्या के साधु संत हमारा स्वागत कर रहे है। राम के साथ अयोध्या के सभी लोगों से हमारा नाता है हम यहाँ इसलिए दर्शन करने आये है कि हमारे हाथों से अच्छी सेवा हो। आदित्य ठाकरे शाम को राम जन्मभूमि में विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। इसके बाद देर शाम सरयू नदी के तट पर आयोजित महा आरती में हिस्सा लिया। दर्शन पूजन और सरयू महाआरती में उनके साथ महाराष्ट्र से आए मंत्री विधायक और शिव सेना ने भी भाग लिया। देर शाम वह लखनऊ के लिए रवाना हो गये।

# स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग बहुत है जरूरी सरोज यादव

अयोध्या ब्यूरो : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है, और योग भी मनुष्य को जीवन प्रदान करता है पहली बार योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। योग मूल रूप से हमारे शरीर में संतुलन प्राप्त करने की विधि है अर्थात ताकत बढ़ाना, लचीलापन बढ़ाना, और आध्यात्मिकता प्राप्त करना, योग तंदुरुस्त मन के साथ–साथ एक स्वस्थ शरीर को प्राप्त करने के लिए काम करता है। हमारा सबसे बड़ा धन हमारा स्वास्थ्य है। आज के दौर में लोग तनाव, थकान, धूम्रपान, मोटापा, मधुमेह, अनिद्रा, जैसी समस्याओं से पीड़ित हो रहे हैं, इन सब से बचने के लिए हमारे पास एक बहुत बढ़िया इलाज है, जिसे हम लोग योग कहते हैं। यह केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का माध्यम नहीं है बल्कि यह एक दर्शन है जिसका लाभ व्यापक है योग आत्मा से परमात्मा को जोड़ता है, योग का अर्थ है जोड़ना ज्ञानी समाधि लगाना, हर कार्य को करते हुए ईश्वर को याद करना धैर्य और साहस के साथ आगे बढ़ना, अपने अंतःकरण को मजबूत करना सकारात्मक सोच को योग से प्राप्त कर सकते हैं। अनेक लोगों ने योग की शक्ति को अपनाकर कई रोगों को खुद से दूर किया है। अपने जीवन को खुशहाल किया है। आज योग ने पूरे विश्व में अपनी एक मजबूत पकड़ बना ली है।आज अमेरिका में करोड़ों लोग रोजाना योग करते हैं योग शरीर को संतुलित रखता है। इससे पाचन प्रणाली ठीक होती है गैस से छुटकारा मिलता है। योग को हम लोग को अपने जीवन का हिस्सा बना ले, तो स्वयं को स्वयं के माध्यम से स्वयं तक पहुंचाने की यात्रा है। जीवन में सफलता का परचम लहराने के लिए तन–मन और आत्मा का स्वस्थ होना अति आवश्यक है जब तक हम स्वयं को स्वयं से नहीं जोड़ेंगे समाधि लगाना कठिन होगा योग, धर्म, आस्था, और अंधविश्वास से परे एक सीधा विज्ञान है जीवन जीने की कला है।अगर समय का अभाव है तो केवल 20 मिनट निकालकर ही योग करें। 10 मिनट कपालभाति और 10 मिनट अनुलोम–विलोम इससे मानसिक तनाव जैसी बीमारी का नाश होता है जिससे जहर तनाव हमारे दिमाग में बनते हैं। उन सभी को नष्ट करेगा। कपालभाति पेट दर्द को निरोग करता है। आप दो ही कर ले, वैसे पूरी दुनिया को योग से निरोग बनाया जा सकता है अगर हम बीमारियों से और दुखों से दूर होना चाहते हैं तो स्वयं को स्वयं का आचरण विचार चरित्र इतना ऊंचा करें, कि हमें स्वयं पर गर्व होने लगे भगवान श्रीकृष्ण ने भी गीता में कर्म की शिक्षा दी और कहा कि मनुष्य कर्म करने के लिए विवश है चाहे वह अच्छा करें या बुरा करें तो करना ही पड़ेगा तो क्यों ना अच्छा ही करें जब सूर्य, चंद्रमा, जल, पेड़–पौधे, पशु–पक्षी, पृथ्वी, सारी सृष्टि मानव के कल्याण में लगी हुई है, तो फिर मानव क्यों नही मानव की सेवा नहीं कर सकता है। हम कम से कम खुद को अच्छा स्वास्थ्य देने के लिए यह प्रयास कर सकते हैं। भारत के प्रत्येक परिवार को स्वस्थ होना चाहिए। कोरोना काल में भी योग से हजारों लोगों की इम्यूनिटी बढ़ी है और यह पूरी तरह स्वस्थ हुई है हम संकल्प लें कि इस कार्य में अपने जीवन के अंतिम दिन तक लगे रहेंगे क्योंकि यह काम हमारे अपने लिए हैं हमारे अपने परिवार के लिए है। नहीं अकेले पाना है, योग साधना का लाभ जो भी मिले साथ ले घर से ही करें शुरुआत उम्र कोई भी हो स्वस्थ सही हो स्वास्थ्य सही हो फिर भी योग तो करना है ।बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना है ।स्वास्थ् अगर जो रहना है।हर कोई इसको कर सकता है। छोटा बड़ा, अमीर गरीब, न औषधि की आवश्यकता है न बीमारी आये। सबको वेद, पुराण, शास्त्र सारे ही यही बतलाते हैं स्वस्थ रहने और शरीर के संतुलन को बनाए रखने के लिए योग सबसे अच्छा रास्ता है।

# कृषि विश्वविद्यालय के दो शिक्षकों के बीच मारपीट में क्रास एफ आई आर दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में कार्यरत दो शिक्षकों के बीच हाथापाई का मामले ने अब तूल पकड़ लिया है।इस मामले में काफी जद्दोजहद के बाद कुमारगंज थानाध्यक्ष ने सहायक प्राध्यापक की तहरीर पर भी मारपीट के आरोपी शिक्षक एवं जांच कमेटी के सदस्य




के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।बताते चलें कि बीते बृहस्पतिवार 16 जून की देर शाम कार्यालय बंद होने के उपरांत विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ डी नियोगी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश प्रताप सिंह के बीच भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच पिठला के शाखा प्रबंधक कक्ष में सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश प्रताप सिंह के विरुद्ध प्रचलित दूसरी जांच को लेकर कहासुनी हो रही थी। देखते ही देखते दोनों लोगों में हाथापाई हो गई थी। दोनों शिक्षकों ने परस्पर आरोप–प्रत्यारोप लगाते हुए मुकदमा कायम किए जाने के संबंध में कुमारगंज पुलिस को तहरीर भी दे दिया था। जिसको लेकर कुमारगंज पुलिस गहन छानबीन में जुटी थी। उधर विश्वविद्यालय के कुलपति ने घटना के तुरंत बाद विश्वविद्यालय के कुछ लोगों के साथ बैठक कर एक तरफा कार्यवाही करते हुए हाथापाई में शामिल सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने एवं उन्हें आजमगढ़ महाविद्यालय कोटवा से संबद्ध किए जाने का आदेश दे दिया था। उधर मामले में सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश प्रताप सिंह द्वारा दी गई तहरीर को दरकिनार करते हुए थानाध्यक्ष वीर सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रभाव में आकर मात्र एक पक्ष से शिकायतकर्ता डॉ डी नियोगी की तहरीर पर सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश प्रताप सिंह के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। किंतु मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में पहुंचने तथा मिली फटकार के बाद उन्होंने दूसरे पक्ष के सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश प्रताप की तहरीर पर भी प्रोफेसर देवाशीष नियोगी के खिलाफ धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एक साथ पांच हजार साधकों ने राम की पैड़ी पर किया योग

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मंगलवार को आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अयोध्या के इतिहास में मंगलवार को एक नया अध्याय और जुड़ गया।पहली बार यहां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इतना भव्य समारोह का आयोजन किया गया।पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक सुबह 7 बजे से शुरू हुए समारोह में राम की पैड़ी पर पांच हजार से अधिक साधकों ने 45 मिनट तक योग के विभिन्न आसन किए।इस मौके पर अदभुद और अलौकिक दृश्य के बीच योगाचार्या ने योग के सरल, सहज और संतुलित आसन कराए गए।ऊँ उच्चारण के साथ प्रारम्भ हुए योग समारोह में योग के बेसिक प्रोटोकॉल का पालन किया गया।पतंजलि योग संस्था की साध्वी पल्लवी ने भव्य मंच से योग के विभिन्न आसन करते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी दी।श्रीराम की पैड़ी में हुए योग समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय पर्यावरण वन जल वायु परिवर्तन व श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने योग साधकों के साथ योगाभ्यास किया। उनके साथ अयोध्या सांसद लल्लू सिंह, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक रामचंद्र यादव, कमिश्नर नवदीप रिणवा, डीएम नितिश कुमार, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, विवेक सृष्टि संस्था के अध्यक्ष योगाचार्य डा चौतन्य, वशिष्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष गिरीशपति त्रिपाठी समेत अन्य विशिष्ट जनों ने भी योगाभ्यास किया। समापन शांति पाठ और राष्ट्रगान के साथ हुआ। हालांकि कतिपय कारणों से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य नहीं आ सके। योगाभ्यास के दौरान श्रीराम की पैड़ी पर कर्नाटक के मैसूर से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होता रहा।इस अवसर पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम की पावन जन्मभूमि पर आकर योग समारोह में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि लोगों का उत्साह इस बात को दर्शाता है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योग दिवस के माध्यम से पूरे विश्व में जागरण का हुआ है। पूरे विश्व में स्वास्थ्य के प्रति लोग सतर्क हुए हैं।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।